Jan 2023

Monthly Magazine
Year 8 Issue 1

Satyug

नारायण रेकी सतसंग परिवार

In Giving We Believe

सतयुग

हमारा उद्देश्य

"हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों से स्वस्थ हो
हर घर में सुख, शांति समृद्धि हो व
हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करे।"

वुधवार सतसंग

प्रत्येक वुधवार प्रात ११ वजे से ११.३० वजे तक

फेसवुक लाइव पर

सतसंग में भाग लेने के लिए नारायण रेकी सतसंग परिवार के फेसवुक पेज को ज्वाइन करें और सतसंग का आनंद लें।

नारायण गीत

नारायण-नारायण का उद्‌घोष जहाँ
राम राम मधुर धुन वहाँ
सबको खुशियाँ देता अपरम्पार,
जीवन में लाता सबके जो बहार
खोले, उन्नति, प्रगति, सफलता के द्वार,
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
हमारा एन.आर.एस.पी., प्यारा एन.आर.एस.पी.
प्यार, आदर, विश्वास बढ़ाता
रिश्तों को मजबूत बनाता, मजबूत बनाता
परोपकार का भाव जगाता
सच्चाई, नम्रता सेवा में विश्वास बढ़ाता
सत को करता अंगीकार
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुस्कान के राज बताता,
तन, मन, धन से देना सिखलाता
हमको जीना सिखलाता
घर-घर प्रेम के दीप जलाता
मन क्रम से जो हम देते वही लौटकर आता, वही लौटकर आता
बनाता सतयुग सा संसार
वो है, वो है हमारा नारायण रेकी सतसंग परिवार
एन.आर.एस.पी.,एन.आर.एस.पी.

।। 卐 ।।

पावन वाणी

प्रिय नारायण प्रेमियों,

।। नारायण नारायण ।।

आजकल वर्चुअल भवन में हो रहे कन्फेशन और कमिटमेंट के दौर में जो महत्वपूर्ण है वह है कमिटमेंट । कमिटमेंट एक वचनबद्धता है, एक प्रतिज्ञा है, एक वायदा है कि आप जो बोल रहे हैं ईमानदारी से जीवन भर उस पर कायम रहेंगे । कॉमिटमेंट ने उन लोगों के जीवन को तो सुधारा ही है, जिन्होंने कमिटमेंट लिया, साथ ही उन लोगों के जीवन को भी सुधारा है जिन्होंने इन कन्फेशन और कमिटमेंट को सुना और उनसे सीख ली ।

हज़ारों की संख्या में मौजूद लोगों के बीच अपनी गलती स्वीकार कर जब आप कमिटमेंट करते हैं तो वह कमिटमेंट एक वादा होता है स्वयं से स्वयं को अवसर देने और स्वयं को सुधारने का वादा । अपनी ही नज़रों में ऊंचा उठने का वादा, उस परम पिता नारायण से वादा कि उसने जिस मकसद से आपको इस दुनिया में भेजा है आप उस मकसद को ईमानदारी से पूरा करेंगे और एक सप्त सितारा जीवन के हकदार बनेंगे ।

अपने कमिटमेंट पर खरे उतरने के लिए एक कारगर तकनीक । घर के एक ऐसे स्थान पर अपना कमिटमेंट लिखकर टांग दें जिस पर आते-जाते आपकी निगाह पड़ती रहे । इस तरह आप अपने कमिटमेंट को बार–बार पढ़ेंगे और उसे जीवन में उतारना बहुत ही आसान हो जाएगा ।

शेष कुशल

R. Modi

-: संपादिका :-

संध्या गुप्ता

09820122502

–: प्रधान कार्यालय :–

राजस्थानी मं डल कार्या लय

बेसमेंट रजनीगं धा बिल्डिं ग, कृ ष्ण वाटिका मार्ग ,

गोकुल धाम, गोरेगां व (ई), मुं बई - ४०० ०६३.

–: क्षेत्रीय कार्यालय :–

अहमदाबाद	जैविनी शाह	:	9712945552
आगरा	अंजनामित्तल	:	9368028590
अकोला	रिया / शोभा अग्रवाल	:	9075322783/ 9423102461
अमरावती	तरुलता अग्रवाल	:	9422855590
बैंगलोर	शुभांगी अग्रवाल	:	9341402211
बैंगलोर	कनिष्का पोद्दार	:	7045589451
बड़ोदा	दीपा अग्रवाल	:	9327784837
भंडारा	गीता शारडा	:	9371323367
भीलवाड़ा	रेखा चौधरी	:	8947036241
बस्ती	पूनम गाड़िया	:	9839582411
भोपाल	रेनूगट्टानी	:	9826377979
बीना (मध्यप्रदेश)	रश्मि हुरकट	:	9425425421
बनारस	अनीता भालोटिया	:	9918388543
दिल्ली (पश्चिम)	रेनू विज	:	9899277422
दिल्ली (पूर्व)	मीनू कौशल	:	9717650598
दिल्ली (प्रीतमपुरा	मेघा गुप्ता	:	9968696600
धुले	कल्पना चौरोडिया	:	9421822478
डिब्रूगढ	निर्मलाकेडिया	:	8454875517
धनबाद	विनीता दुधानी	:	9431160611
देवरिया	ज्योति छापरिया	:	7607004420
गुवाहाटी	सरला लाहौटी	:	9435042637
गुडगाँव	शीतल शर्मा	:	9910997047
गोंदिया	पूजा अग्रवाल	:	9326811588
गाजियाबाद	करुणा अग्रवाल	:	9899026607
गोरखपुर	सविता नांगलिया	:	9807099210
हैदराबाद	स्नेहलता केडिया	:	9247819681
हरियाणा	चन्द्रकला अग्रवाल	:	9992724450
हींगन घाट	शीतल टिबरेवाल	:	9423431068
इंदौर	धनश्री शिरालकर	:	9324799502
इचलकरंजी	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
जयपुर	सुनीता शर्मा	:	9828405616
जयपुर	प्रीती शर्मा	:	7877339275
जालना	रजनी अग्रवाल	:	8888882666
झुंझुनू	पुष्पा टिबरेवाल	:	9694966254
जलगाँव	कला अग्रवाल	:	9325038277
कानपुर	नीलम अग्रवाल	:	9956359597
खामगांव	प्रदीप गरोदिया	:	8149738686
कोल्हापुर	जयप्रकाश गोयनका	:	9422043578
कोलकत्ता	सी .एसंगीता चांडक	:	9330701290
कोलकत्ता	श्वेता केडिया	:	9831543533
मालेगांव	आरती चौधरी/रेखा गरोडिया		9673519641/ 9595659042
मोरबी (गुजरात)	कल्पना जोशी	:	8469927279
नागपुर	सुधा अग्रवाल	:	9373101818
नांदेड	चंदा काबरा	:	9422415436
नासिक	सुनीता अग्रवाल	:	9892344435
नवलगढ़	ममता सिंगरोडिया	:	9460844144
पिछौरा	स्मिता मुकेश भरतिया	:	9420068183
परतवाडा	राखी अग्रवाल	:	9763263911
पूना	आभा चौधरी	:	9373161261
पटना	अरबिंद कुमार	:	9422126725
पुरुलिया	मृदु राठी	:	9434012619
रायपुर	अदिति अग्रवाल	:	7898588999
रांची	आनंद चौधरी	:	9431115477
रामगढ़	पूर्वी अग्रवाल	:	9661515156
राउरकेला	उमा देवी अग्रवाल	:	9776890000
शोलापुर	सुवर्णा बल्दावा	:	9561414443
सूरत	रंजना गाडिया	:	9328199171
सीकर	सुषमा अक्षवाल	:	9320066700
सिलीगुड़ी	आकांक्षा मुंधडा	:	9564025556
विशाखापत्तनम	मंजू गुप्ता	:	9848936660
उदयपुर	गुणवंती गोयल	:	9223563020
विजयवाड़ा	किरण झंवर	:	9703933740
वर्धा	अन्नपूर्णा	:	9975388399
यवतमाल	वंदना सूचक	:	9325218899

।। ॐ ।।

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

।। नारायण नारायण ।।

मेरी एक हेल्पर ने पिछले वर्ष अपना घर बनाने के लिए एक बड़ी धनराशि मुझसे ली, साथ ही उसने वादा किया कि वह मुझसे ली हुई धनराशि ठीक एक साल बाद लौटा देंगी। पूरे साल भर उसके परिवार को बहुत ही विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। जिनको ध्यान में रख कर मैं यह मानकर चल रही थी कि इतनी बड़ी मात्रा में उसका धन का इनवेस्टमेंट हो रहा है तो उसके लिए मेरी धनराशि लौटाना संभव नहीं होगा। मैंने मन ही मन यह भी सोच लिया था कि मैं उससे धनराशि वापस नहीं माँगूंगी, उसके पास जब व्यवस्था होगी तब वह मुझे लौटा देगी।

मेरे आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब उसने विपरीतता के बावजूद मेरे हाथ पर ली हुई धनराशि लाकर रख दी। इतनी बड़ी धनराशि इतने इनवेस्टमेंट के बावजूद भी लौटा पाना असंभव था। मैंने आश्चर्य के साथ पूछा, 'तूने इतनी बड़ी रकम का अरेंजमेंट कैसे किया? तू मुझे बाद में भी दे सकती थी, तो वह बोली, 'मैं आपको बाद में भी दे सकती थी, पर जो वादा मैंने आपसे किया था अपने आप से किया था अगर वह पूरा न करती तो मैं अपनी ही नजरों में गलत हो जाती फिर मुझे ऊपर जाकर परमात्मा को भी तो जवाब देना है।' उसकी बातें सुनकर मेरी आँखों में अश्रु छलक आए। बातचीत में मुझे पता चला कि, उसने गांव की अपनी एक ज़मीन जो उसने अपनी बेटी के भविष्य के लिए रखी थी उसको बेच कर मुझे रकम लौटाई है। जब यह बात मैंने अपने पति को बताई तो वह भी उसकी ईमानदारी से प्रभावित हुए और उन्होंने कहा उसकी धनराशि उसे लौटा दो ताकि वह अपनी ज़मीन छुड़वा सके। वह इतने सालों से हमारे साथ है घर की मैंबर जैसी है उसके सुख दु:ख में काम आना हमारा फर्ज़ है अब उससे यह धनराशि मत लेना।

मेरी आँखें फिर छलछला आईं। बस दोस्तों और यूँ मिला सतयुग के लिए एक नया विषय — कमिटमेंट। आप सभी अपने कमिटमेंट को निभाते हुए सप्त सितारा जीवन जीते रहें इन शुभकामनाओं सहित।

आपकी अपनी
संध्या गुप्ता

अंतरर्राष्ट्रीय कार्यालय :

नेपाल	रिचा केडिया	977985-1132261
आस्ट्रेलिया	रंजना मोदी	61470045681
बैंकाक	गायत्री अग्रवाल	66897604198
कनाडा	पूजा आनंद	14168547020
दुबई	विमला पोद्दार	971528371106
शारजहा	शिल्पा मांजरे	971501752655
जकार्ता	अपेक्षा जोगनी	9324889800
लन्दन	सी.ए. अक्षता अग्रवाल	447828015548
सिंगापुर	पूजा गुप्ता	6591454445
डबलिनओहियो अमेरिका	स्नेह नारायण अग्रवाल	1-614-787-3341

आपके विचार सकारात्मक सोच पर आधारित आपके लेख, काव्य संग्रह आमंत्रित है - सतयुग को साकार करने के लिये/आपके विचार हमारे लिये मूल्यवान हैं। आप हमारी कोशिश को आगे बढ़ाने में हमारी मदद कर सकते है। अपने विचार उदगार, काव्य लेखन हमें पत्र द्वारा, ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं।
हमारा ई-मेल है 2014satyug@gmail.com

we are on net

narayanreikisatsangparivar

YouTube @narayanreiki

प्रकाशक : नारायण रेकी सतसंग परिवार
मुद्रक : श्रीरंग प्रिन्टर्स प्रा. लि. मुंबई.
Call : 022-67847777

पिछले दिनों, वर्चुअल नारायण भवन में कन्फेशन और कमिटमेंट का जो दौर चल रहा है उसने यह एहसास दिलाया कि कन्फेशन से ज्यादा महत्वपूर्ण है कमिटमेंट । कमिटमेंट यानि प्रतिबद्धता, वचनबद्धता,- खुद से खुद का वादा । प्रतिबद्धता का अर्थ है व्यक्ति,सिद्धांत अथवा कार्य के प्रति अपना वचन देना । अपनी सामाजिक व्यवस्था के प्रति पूर्ण समर्पण के भाव एवम पूरी ऊर्जा से स्वयं को उस कार्य में समर्पित कर देना । यह ऐसा वादा है जो आप बिना किसी दबाब के उस परम पिता की उपस्थिति में करते हैं और उसे पूरी शिद्दत से निभाते हैं । एक प्रतिबद्ध व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अपने कार्य के प्रति पूर्णत: समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का सर्वोत्तम प्रयास करता है । इस कार्य को वह अपना कर्तव्य समझता है । इस कमिटमेंट को निभाने के लिए हमारे भीतर एक जुनून होता है क्योंकि हम स्वयं को यह दिखाना चाहते हैं कि हम जो कहते हैं वो ही करते भी हैं क्योंकि हम उस संस्कृति के वाहक हैं जहां प्राण जाए पर वचन न जाए का जयघोष होता है ।

कमिटमेंट निभाने के लिए सर्वप्रथम आवश्यक है - दृढ़ इच्छा शक्ति । यह भाव आपको अपने किए हुए वादे को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है और जब आप उस कार्य को पूरा करते हो तो आपके भीतर आत्मसंतुष्टि और विजय का भाव आता है । स्वयं के ऊपर उस परम पिता और अपने बुजुर्गों के आशीर्वाद का एहसास होता और यह एहसास कि वह परम पिता हर पल, हर क्षण हमारे साथ है हमें आगे बढ़ने, उन्नति करने, प्रगति करने के लिए प्रेरित करता है ।

जब आप अपने कमिटमेंट को निभाने का दृढ़ निश्चय करते हैं तो पूरी सृष्टि आपको उसे प्राप्त करने में मदद करती है । कमिटमेंट निभाते समय यह भाव होना अति आवश्यक की जब मैंने एक बार कमिटमेंट कर लिया तो मैं खुद की भी नहीं सुनता/सुनती ।

प्रतिबद्धता हमारे सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन का एक अनिवार्य अंग है । प्रतिबद्धता को पूरा करने में कई बार प्रतिकूल परिस्थितियाँ, चुनौतियाँ आती हैं पर क्योंकि हम अपने वचन को पूरा करने के अपने वादे से बंधे होते हैं और उसे पूरा करते हैं तो हमारा यह एटीट्यूड हमें हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

प्रतिबद्धता या कमिटमेंट निभाने में कई बार हमें अनुशासित होना पड़ता है कई ऐसी आदतों और विचारों को छोड़ना पड़ता है जो हमारे कमिटमेंट के आड़े आ रहीं हैं । पर अकसर यह हमारे लिए लाभदायक ही साबित होता है। उदाहरण के लिए जब हम अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए वचनबद्ध होते हैं तो हमें अपनी कई व्यक्तिगत इच्छाओं का त्याग करना पड़ सकता है, सबके लिए समय निकालना पड़ता है । पर यह सब हमें खुशी, आनंद, उत्साह प्रदान करता है क्योंकि यह हम अपनी मर्ज़ी से, अपनी खुशी से कर रहे हैं । ऐसा करना हमें अच्छा लग रहा है । यहाँ पर दीदी द्वारा दिया गया प्रकृति का सिद्धांत कार्य करता है - जो हम देते हैं वह ही लौट

कर वापस आता है और हम यह देखते हैं कि अपने कमिटमेंट को पूरा करने में हमने जो भी एफर्ट डाले वो गुणकों में हमारे पास लौट रहे हैं। जब हम प्रतिबद्ध होते हैं तो आप परिणामों पर ध्यान केंद्रित कर रहे होते हैं जो आपको आगे बढ़ने, उन्नति करने के लिए प्रेरित करता है।

अपने कमिटमेंट को पूरा करने के लिए सेल्फ इवेलयूएशन तकनीक बहुत कारगर है। हमेशा सोचें, 'अगर मैंने यह काम दो हफ़्ते पहले शुरू किया होता, तो आज तक मैं उसमें दो हफ़्ते बेहतर होता। यह वाक्य आपके जीवन में प्रेरणा का कार्य करेगा।

जीवन के हर क्षेत्र में कमिटमेंट अति आवश्यक है चाहे वह क्षेत्र फिर हमारे स्वास्थ्य से संबंधित हो, हमारे मन से संबंधित हो धन से संबंधित हो चाहे घनिष्ठ संबंधों को निभाने से संबंधित हो।

कमिटमेंट करने से पहले एक बात जो ध्यान रखना आवश्यक है वह यह कि हम पहले अपनी क्षमताओं का आंकलन कर लें क्योंकि यदि हम अपनी क्षमताओं से ज्यादा का कमिटमेंट लेते हैं तो असफलता का डर हमें सदैव डरता/सताता रहेगा और सक्षम होने के बावजूद हम अपने कमिटमेंट को निभाने में असफल रह सकते हैं।

कमिटमेंट पूरा करने के लिए आवश्यक है कि आप आलस, डर और भगोड़ेपन की आदत को तिलांजलि दे दें। पीछे हटने के सारे रास्ते जला दो – Burn Your Bridges

ज्यादातर लोग जोखिम से बचने के लिए 'बैकअप प्लान' बनाते हैं। लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली मुसीबतों और प्रतिकूल परिस्थिति में 'बैकअप प्लान' आपकी सबसे बड़ी कमज़ोरी बनकर आपको लक्ष्य से भटकने के लिए मजबूर करता है। बीच रास्ते से लौटने का कोई फायदा नहीं क्योंकि लौटने पर आपको उतनी ही दूरी तय करनी पड़ेगी जितनी दूरी तय करने पर आप लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं। जो व्यक्ति वाकई में अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहते हैं उनके पास किसी भी तरह का 'बैकअप प्लान' नहीं होता। सच्चे लीडर्स का लक्ष्य निश्चित होता है और वे पीछे हटने के सारे रास्ते जला देते हैं। ऐसा करके वे यह सुनिश्चित कर देते हैं कि अब भले ही कितनी भी मुसीबतें आ जाएं वे लक्ष्य की ओर आगे ही बढ़ेंगे, उनके पास पीछे हटने का कोई विकल्प नहीं।

महेश कुमार को जन्मदिन (९ जनवरी) पर सुख, शांति, सेहत, समृद्धि से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद !

ज्ञान मँजूषा

ज्ञान मंजूषा के इस स्तंभ में हम इस बार दो पात्रों राधिका और सुधा जी मूर्ति के साथ हाज़िर हैं जिनके माध्यम से दीदी ने जीवन के महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं :-

हार - जीत नहीं आपका कर्म महत्वपूर्ण है

राधिका के माध्यम से राज दीदी यह संदेश दे रहे हैं। राधिका कहती है कि Specially Ladies के लिए हमारे Area में एक Organization द्वारा Pinkathon नामक Marathon रखा गया। मैंने पहले १० किलोमीटर की Marathon में Part लिया था। इस बार मैंने सहज ही Timepass के लिए Volunteer के तौर पर अपना नाम लिखा दिया। एक Blind School ने चाहा कि उनके स्कूल के बच्चे भी उस Marathon में Part लें। उन बच्चों को एक अलग ही Experience मिलेगा। उन्हें Volunteers नहीं मिल रहे थे, बहुत मुश्किल से उन्होंने हमें Approach किया। Marathon के लिए As A Volunteer मैं उस स्कूल में गई। वहां एक छोटी सी बच्ची 'जानकी' वह Marathon के बारे में जानने के लिए बहुत उत्साही थी। ज्यों ही हम आमने-सामने बैठे सबसे पहला प्रश्न उसने मुझसे पूछा, दीदी आपका Favourite Hero कौन है। Full on Excitement. अपनी स्थिति को समझ चुकी थी, पूरी परिस्थिति को स्वीकार कर चुकी थी और एकदम दोस्ताना व्यवहार, Caring स्वभाव। कुल मिलाकर उसका यह व्यक्तित्व था। हमने लगभग एक डेढ़ घंटे बातचीत की। मुझे जानकी से बहुत कुछ सीखने को मिला। कुछ देर बाद हम दौड़ने की Practice करने के लिए उसके स्कूल के Play Ground में गए। जब हम हाथ पकड़कर दौड़ना शुरू ही कर रहे थे उसने कहा कि वह पहली बार दौड़ेगी। राधिका कहती है मैं विचलित हो गई कि इतना कमज़ोर शरीर, आंखों से दिखता नहीं, ३ किलोमीटर की Marathon यह कैसे पूरी कर पाएगी..? पर उसका कहना था कि वह दौड़ कर भी दिखाएगी और जीत कर भी दिखाएगी। हमने कुछ देर Practice की फिर मैंने उसे उसके Hall में छोड़ दिया और मैं अपने घर की तरफ रवाना हुई। रास्ते भर जानकी के साथ हुई बातचीत मेरे दिमाग में घूम रही थी। इतनी विपरीत अवस्था होते हुए भी इतना उत्साह, इतना चाव उस Marathon में दौड़ने का। जितनी उत्सुक जानकी थी इस दौड़ के लिए उतनी ही Excited मैं भी थी। मुझे Marathon का अनुभव था लेकिन इस बार मुझे जानकी को Guide करना था। Pinkathon का दिन आया। हमें सुबह ७:०० बजे का समय दिया गया। मैं ६:०० बजे ही Ground पर पहुंच गई और मैंने जानकी को खोजना शुरू किया, पर जानकी मुझे कहीं भी दिखाई नहीं दी। कुछ १० मिनट बीते होंगे मुझे जानकी अपने दोस्तों के साथ, संस्था के पदाधिकारियों के साथ आती हुई दिखाई दी। मैं भागी उसके पास, मैंने अपना Introduction दिया, तुरंत ही पहचान गई। उछल पड़ी और मेरा हाथ कस कर पकड़ लिया और बोली दीदी कितनी देर में दौड़ शुरू होने वाली है। जहां से दौड़ शुरू होने वाली थी उस जगह के पास हम जाकर खड़े हो गए। ठीक ७:०० बजे सीटी बजी और वह नन्हीं परी अपनी पूरी ताकत लगाकर दौड़ना चाहती थी लेकिन मैंने उसका हाथ कसके पकड़ रखा था। मैंने उससे कहा कि पहले हम धीमे-धीमे चलेंगे ताकि लय में आ सकें फिर थोड़ी गति बढ़ाएंगे फिर दौड़ेंगे। उसने कहना माना और हमने धीमे-धीमे चलना शुरू किया। थोड़ी देर आगे बढ़ने के बाद हमने गति तेज की और उसके बाद दौड़ना शुरू किया। अंदाजन १०० मीटर ही दौड़े होंगे कि मैंने देखा जानकी की सांस फूलने लगी है, हमने गति एकदम धीमी कर दी। सांस फूलने के बावजूद जानकी रुकी नहीं लगातार आगे बढ़ रही थी और उसकी खास बात जिसने मुझे आश्चर्य में डाल दिया वह यह है कि उसके साथ जो लड़कियां थीं जानकी उन सभी का उत्साह बढ़ा रही थी Well Done, भागो,

दौड़ो, Wooooow, भागो, भागो। मुझे इतना आश्चर्य हुआ कि उसकी खुद की तो सांस फूल रही है, उससे चला भी नहीं जा रहा है और वह अपने साथियों का उत्साह बढ़ा रही है। हम बिना रुके आगे बढ़ते जा रहे थे। जब अंदाजन २०० मीटर की दौड़ अभी बाकी थी तब मैंने उसे कहा जानकी हम Finishing Point के निकट पहुंच ही चुके हैं, थोड़ी सी हिम्मत रखो हम पहुंचते नजर आएंगे। मेरा इतना सा कहना था कि उस नन्हीं परी ने पूरी ताकत और पूरी जान लगा दी और हमने Finishing Line Touch की। ज्यों ही उसे पता चला हमने Finishing Line Touch की है वह ज़ोर से उछली और पूछा, दीदी हम First आये या Second आए हैं। राधिका कहती है मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैंने उससे कहा मेरी नन्हीं परी तुमने ३ किलोमीटर की दौड़ तय कर ली ये ही तुम्हारे लिए सबसे बड़ा Award है, पर मैं उसे निराश नहीं करना चाहती थी। मैंने उससे कहा जानकी तुम्हें Medal अवश्य मिलेगा और हां उसे Medal मिला क्योंकि बिना रुके उसने वह दूरी तय की थी। उसके साथ दो और लड़कियों को भी Medal मिला और मैंने देखा विजेता की भांति वह बहुत खुश खड़ी हुईं थीं। जब थोड़ी देर बाद उनकी Category में जो लड़कियों ने Top किया था उनका नाम Announce किया गया तब वह समझ गई कि उसने Top नहीं किया है और मैंने देखा उसने किसी भी तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की, वैसे ही विजेता की भांति खड़ी थी। जानकी ने कहा – तो क्या हुआ, कोई बात नहीं अगली बार मैं फिर दौडूंगी और First आऊंगी। इतना सकारात्मक भाव उसके भीतर। उसके बाद? मैंने उसे Blind School Bus में बैठा दिया और मैं ढेर सारी यादों और बातों को लेकर अपने घर की तरफ रवाना हुई। मैंने सोचा मैंने तो सहज ही Volunteer की List में अपना नाम दे दिया था, पर मैं सोच रही थी दुनिया में कैसे-कैसे लोग हैं – कितना बड़ा विचार उनके मन में आया कि विशेषकर महिलाओं के लिए यह Pinkathon का आयोजन किया जाए ताकि घर की महिलाएं Fit रहेंगी तो पूरा परिवार Fit रहेगा। इतनी ऊंची सोच और कितना Efforts डाला Blind School के पदाधिकारियों ने। जानकी इतनी विपरीत अवस्थाओं के बावजूद भी इतनी खुश थी, इतने उत्साह से भरी हुई थी, अपनी पराजय को भी खुशी के साथ स्वीकार करना - 'इस बार First नहीं आई तो क्या हुआ अगली बार करके दिखाऊंगी।' इस Pinkathon ने मुझे बहुत कुछ सिखा दिया और बहुत कुछ दे दिया।

राधिका कहती हैं ईश्वर ने मुझे इतना कुछ दे रखा है, अब जो कुछ भी मेरे पास है उसका मुझे घर परिवार के लिए और समाज के लिए सदुपयोग करना है।

आपके पास जो भी चीज अतिरिक्त है वह दूसरों को दीजिए

राज दीदी ने कहा श्रीमती मूर्ति को हम सभी बहुत अच्छे से जानते हैं, जो बहुत साधारण जीवन जीती हैं और समाज को बहुत अधिक Contribute करती हैं, विशेषकर Education के लिए। श्रीमती मूर्ति लिखती हैं कि एक दिन मैं जिन लोगों से मिली थी वह उच्च शिक्षक थे, अच्छे घरों से थे, अच्छा Package उन्हें मिल रहा था क्योंकि बहुत बड़ी कंपनी थी उनकी। श्रीमती मूर्ति आगे लिखती हैं कि उन्हें देखकर मुझे मेरा बचपन याद आ गया। मैं शेगांव, कर्नाटक में पली-बढ़ी हूं, मेरे दादाजी Retired School Teacher थे और मेरी दादी तो कभी स्कूल गई ही नहीं थीं। वे लोग कभी किसी यात्रा पर नहीं गए, कर्नाटक से बाहर ही नहीं गए। वे दोनों बहुत सीधे, सरल, मेहनती, बिना किसी से कोई उम्मीद किए मन से काम करने वाले थे। जो काम उन्होंने किया उसकी एवज में उनका नाम ना ही कभी कोई अखबार में छपा और ना ही कभी वह कोई पुरस्कार को हासिल करने के लिए Stage पर चढ़े। उनकी

खासियत थी कि हर एक व्यक्ति का ख्याल रखना लेकिन वह खुद अनदेखे रह गए।

हमारे गांव में चावल की खेती हुआ करती थी और उस चावल को जमा करने के लिए हमारे पास दो भंडार घर थे (दो गोदाम थे)। एक हमारे घर के आगे की ओर बना हुआ था तो दूसरा घर के पिछली ओर। जो घर के आगे का गोदाम था, उसमें सफेद रंग के बड़े-बड़े दानों वाले उच्च प्रजाति के चावल जमा करते और जो घर के पिछले हिस्से में गोदाम था, उसमें लाल रंग के मोटे वाले हल्की प्रजाति के चावल जमा किए जाते थे। श्रीमती मूर्ति लिखती हैं उन दिनों जात - पात की कोई व्यवस्था नहीं थी। सारे धर्म के लोग, पूरे समाज के लोग एक साथ मिलजुल कर रहते थे, शांति से रहते थे। हमारे घर में सारे दिन भिक्षा लेने वालों का तांता लगा रहता था। कभी कोई मुसलमान फकीर, हिंदू संत या कोई गरीब विद्यार्थी। उन दिनों हमारे घर में रुपया - पैसा नहीं हुआ करता था। बतौर मदद मेरे दादाजी उन्हें चावल देते थे चाहे भिक्षा में देना हो या किसी गरीब विद्यार्थी को देना हो। हमारे गोदाम का दरवाज़ा बहुत छोटा था, बड़ा व्यक्ति उसमें प्रवेश नहीं कर पाता था, उन्हें झुककर प्रवेश करना पड़ता था। मैं उन दिनों छोटी थी तो जब भी कोई भिक्षा लेने आता मेरे दादाजी मुझे बाल्टी देते और बोलते आगे के गोदाम से बढ़िया उच्च प्रजाति के सफेद चावल लाना और बता देते थे कि ये आधी भर के लाना, ये पूरी भर के लाना और फिर वह भिक्षा में दे देते थे। जिसे भिक्षा मिलती वह बोलते थे कि ईश्वर की कृपा आपके परिवार पर बनी रहे और मेरे दादाजी भिक्षा देकर बहुत खुश होते।

श्रीमती मूर्ति आगे लिखती हैं कि पूरे परिवार के लिए खाना हमेशा मेरी दादी ही बनाया करतीं थीं । जैसे ही दादी किचन में जातीं मुझे बाल्टी थमा देतीं और कहतीं पिछले गोदाम में से लाल मोटे हल्की प्रजाति वाले चावल ले आओ और हम वही खाते। काफी समय तक यह सिलसिला चलता रहा और एक दिन मैंने अपने दादा - दादी से पूछा - कि हम लोग ऐसा क्यों करते हैं..? अच्छी प्रजाति के चावल तो हम भिक्षा में देते हैं और हल्की प्रजाति के चावल हम ख़ुद खाते हैं। जो उत्तर मेरी दादी ने दिया वह मैं जीवन भर भूल नहीं सकती। मेरी दादी ने मुझसे कहा कि जब तुम्हारा मन किसी को कुछ देने का हो तो तुम्हारे पास 'जो Best है वह दो, Second Best भी नहीं। आपको अगर लगे कोई चीज़ थोड़ी सी हल्की है, १९-२० का फर्क है तो उसमें से भी जो Best है वही देना चाहिए।'

श्रीमती मूर्ति कहती हैं मेरी दादी की उम्र बहुत अधिक थी, दादी ने मुझसे कहा कि मैंने अपने जीवन में यह जाना है कि ईश्वर न तो मंदिर में रहते हैं, न मस्जिद में, न चर्च में, वह तो इंसानों में बसते हैं। आपने यदि इंसानों की सेवा कर दी तो समझो कि भगवान की सेवा कर दी। मेरे दादाजी ने वेदों और शास्त्रों के अनुसार मुझे उत्तर दिया कि जब आप किसी को भी कुछ दें तो अच्छे मन से दें, अच्छे शब्दों के साथ दान दें ताकि उसको फले। खुश होकर जरूरतमंदों को दान दें और दान देने के बाद गिनाएं नहीं। श्रीमती मूर्ति लिखती हैं कि जब मेरे दादा दादी ने मुझसे यह सब बातें कही तब मैं बहुत छोटी थी और आज जो मैं दूसरों की थोड़ी बहुत भी मदद कर पा रही हूं तो उन दो पवित्र आत्माओं की वजह से। 'यह चीजें मैंने न तो स्कूल में सीखी और न ही कॉलेज में।' श्रीमती मूर्ति की बातों से सभी को Awareness आएगी क्योंकि वह खुद दूसरों को देने में विश्वास रखती हैं।

'नारायण शास्त्र कहता है हम जितना देते जाएंगे उतना हमारे पास Multiples में आता जाएगा।'

प्रतिबद्धता और उसका महत्व

संकल्प अर्थात् किसी भी अच्छे भाव या कार्य को करने का दृढ़ निश्चय। संकल्प हमारे बाहरी व आंतरिक जगत को पुष्ट करता है जिससे आत्मबल में वृद्धि होती है । आत्मबल में पर्वत को भी डिगाने की शक्ति होती है । हर क्षेत्र में पारंगत व्यक्तियों से पूछिये तो सभी यही उत्तर देंगे कि अगर आप कुछ बनना चाहते हैं या कुछ विशेष करना चाहते हैं तो संकल्प ही प्रथम चरण है उस लक्ष्य को पाने का ।

युवाओं के लिए हर क्षेत्र में संकल्प सहायक है चाहे वो समय तालिका से बद्ध होकर पढ़ना हो, दैनिक कार्यों का निर्वहन या कोई व्यायाम का पालन। आज के परिपेक्ष में हमारे प्रधानमंत्री संकल्प शक्ति का सबसे ज्वलंत उदाहरण हैं । हर गाँव तक पक्की सड़कें, घर घर रसोई गैस, डिजिटिलाइज़ेशन, डिमोनिटीज़ेशन, जन जन को शिक्षित करना जैसे अनेकों अभियान सफलता पूर्वक पूरे हुए हैं जिसके कारण आज भारत प्रगतिशील देशों में अग्रणी है और उसका लोहा आज विश्व के शक्तिशाली देश मान रहे हैं। पूरे चौबीस घंटों में सिर्फ़ चार घंटे विश्राम करने वाले मोदी जी अपनी संकल्प शक्ति के माध्यम से अपना शत प्रतिशत देकर भारत को उन्नति प्रगति की ओर ले जा रहे हैं । हमारी गुरु राज दीदी दिन में दो बार अविरल प्रार्थना और देश विदेश में हो रहे सत्रों को अपनी संकल्प शक्ति के माध्यम से पूरा कर पा रही हैं। आइये अपने में समाहित असीम संभावित ऊर्जा को गतिज़ ऊर्जा में परिवर्तित करें, बड़े बड़े कीर्तिमान अर्जित करें और असंभव को संभव बनाएँ अपनी संकल्प शक्ति के सशक्त माध्यम से। संकल्प शक्ति को बढ़ाने का सबसे सरल उपाय है तप करना, नियमों का पालन करना और अपने आप से वचन लेना कि जो आपने सोचा हैं उसका पालन शिद्दत से करेंगे। सच कहें तो -

जितने दृढ़ आपके संकल्प होंगे, आपकी राह आसान हो जाएगी,
मंज़िल तो मिलेगी ही, आत्म शक्ति बढ़ती चली जाएगी ।

सर्वेश कुमार को जन्मदिन (१२ दिसंबर) पर सुख, शांति, सेहत,समृद्धि से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद ।

बच्चों की फुलवारी

हमारी सतयुग टीम ने इस बार सतयुग के इस अंक में चर्चा का एक अद्भुत विषय चुना है – प्रतिबद्धता।

हम सभी जानते हैं कि जीवन में सफल होने के लिए प्रतिबद्ध होना बहुत महत्वपूर्ण है, और जब आपके साथ जुड़ा व्यक्ति अपनी प्रतिबद्धता नहीं रखता है तो कैसा व्यवहार करते हैं। लेकिन हममें से कितने लोग हैं जो हमेशा प्रतिबद्धता पर कायम रहने की कोशिश करते हैं ? दी गई प्रतिबद्धता पर टिके ना रहना, बहाने बनाना हममें से कई लोगों की आदत है और हम अक्सर ख़ुद को सही भी साबित करते हैं।

याद रखें यूनिवर्स ने हमसे भी एक कमिटमेंट किया है। हर सुबह सूर्योदय होता है, फिर सूर्यास्त होता है। चाँद उगता है, दिन रात होता है। ऋतु का परिवर्तन, प्रकृति अपनी चाल चलती है। यदि प्रकृति की समय-सारणी में जरा सा भी परिवर्तन होता है, उदाहरण के लिए यदि वर्षा देर से हो, तो मनुष्य तुरंत प्रतिक्रिया करता है। जब प्रकृति हमें कोई बहाना नहीं देती, तो मानव जाति प्रकृति के नियमों का अनादर कैसे कर सकती है हम प्रतिबद्धता नहीं रखने के लिए कैसे बहाने दे सकते हैं?

ऑनलाइन भवन में हम बुजुर्गों और युवाओं द्वारा शेयरिंग सुनते हैं कि कैसे उन्होंने प्रतिबद्धता को बनाए रखा और कैसे ब्रह्मांड ने उन्हें जैकपॉट्स से पुरस्कृत किया।

हम व्यायाम करने का संकल्प लेते हैं, नियमित अध्ययन करने का संकल्प लेते हैं, श्रेष्ठ व्यवहार का संकल्प लेते हैं, विनम्र रहने का संकल्प लेते हैं, अनुशासित रहने का संकल्प लेते हैं, लेकिन कई बार पथ से दूर ही रह जाते हैं।हमें केवल अपने दिमाग को प्रशिक्षित करना है कि हमने जो प्रतिबद्धता ली है उसे बनाए रखें। हमारा मन चंचल होता है लेकिन एक बार जब हम अडिग होते हैं तो हमारा मन और हमारा दिल भी साथ देता है कि हम अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहें।

इस जनवरी हम संकल्प लें कि हम नियमित रूप से व्यायाम करेंगे, हम अपनी पढ़ाई में अनुशासित रहेंगे, हम विनम्र रहेंगे और उन सभी के प्रति अच्छे रहेंगे जो हमारे साथ रहते हैं विशेष रूप से हमारे माता-पिता और भाई-बहनों के साथ सही राह पर चलेंगे और अच्छी आदतों से अपने आप को परिपूर्ण रखेंगे। जब हम इन प्रतिबद्धताओं का पालन करते हैं, तो प्रकृति निश्चित रूप से हमें हमारे जीवन के जैकपॉट्स के लिए वह खज़ाना प्रदान करेगी जिसका हम इंतज़ार कर रहे हैं।

-

दीदी के छाँव तले

यदि हम ईमानदारी से अपने कमिटमेंट का पालन करते हैं, तो जीवन में जैकपॉट की बौछार होती है यह बात भवन में रोज़ होने वाली शेयरिंग से साबित होती है:

एक विवाहित जोड़े का कमिटमेंट : नारायण सतसंग से जुड़ कर जीवन को कैसे सुधारा, यह तो कई बार सुना। इस बार भवन में शेयरिंग के दौरान १५ सालों से अलग हो चुके विवाहित जोड़े ने शेयरिंग की, कि किस प्रकार सतसंग ने उन्हें फिर से जोड़ा और उनका जीवन ही बदल गया ।

राज – सरिता : राज –दीदी मेरी शादी को १५ साल हो गए हैं लेकिन मेरी अपनी पत्नी से बिल्कुल भी नहीं बनती थी, हम १० मिनट से ज़्यादा फ़ोन पर भी बात नहीं कर पाते थे । मेरी दुकान भी नारायण स्थिति में हो गई थी और मुझे दुकान बंद करनी पड़ी, पत्नी के गहने भी गिरवी रख कर कर्जा लेना पड़ा, जो कि मैं चुका नहीं पा रहा था। मैं दूसरे शहर रहने लगा। वहां किसी और महिला से मेरा संबंध भी हो गया था। मेरा पत्नी से तलाक़ होने को था। इसी बीच मेरी भाभी जी ने पत्नी को राज दीदी के वीडियो भेजे और उन्हें नारायण सतसंग से जोड़ा। उनके व्यवहार में बहुत बदलाव आया और परिणाम स्वरूप आज हमारा जीवन संवर गया। जो गहने गिरवी रखे थे वह ९ सालों बाद छुड़वा लिया। सब आपके सतसंग से जुड़ने के बाद ही हुआ । मेरी पत्नी सरिता भी ज़ूम से जुड़ी हुई हैं।

मेरी पत्नी से मैं सबके सामने माफ़ी मांगता हूं और आजीवन वफ़ादार रहने का वचन देता हूं।

सरिता जी – मेरे भी कुछ कन्फेशन हैं दीदी। मैं पति पर शक करती थी, नतीजा यह हुआ कि मेरा सोचा हुआ सच हो गया। पति को टौंट कसती थी। १५ साल पहले झगड़े में सिंदूर हटा दिया उसका परिणाम यह हुआ कि पति का सच्चा प्यार नहीं मिला। बेटे को कहती थी कि तुम भी अपने पिता की तरह ही फ़ोन चलाना, गुस्सा करना, अकेले रहना, और आज मेरे कहे हुए शब्द ही सच हो गए । पति को बोला कि आपके दांत टूटे हुए हैं, आज मेरे दांत हिल रहे हैं और बहुत दर्द है । ज़रा सा गुस्सा आने पर मैं तेज आवाज़ में अपशब्द बोलती थी, जिससे मेरे सबसे संबंध नारायण हेल्प हो गए । आपसे जुड़ने के बाद विचार,वाणी, व्यवहार की, ईमानदारी की साधना की और अभी विनम्रता की साधना चल रही है। परिणाम यह है कि दोनों बच्चे और पति डायरी लिखते हैं । और अगला जैकपॉट यह लगा कि मेरे पति भी ब्रह्मुहूर्त का सतसंग अटेंड करते हैं । सबसे बड़ा जैकपॉट यह लगा कि, ९ साल से मेरा सोना गिरवी था वह निकल गया । मेरे पति नारायण भवन में विश्वास नहीं करते थे तब मैंने कहा कि सिर्फ ६ दिन आप यह साधना करिए कि सिर्फ सकारात्मक शब्द ही बोलिए । मैंने डायरी लिखना शुरू किया और तीसरे ही दिन मेरा सोना मुझे वापस मिल गया । हम दोनों बहुत सुधर गए हैं, हमने सबसे माफ़ी भी मांग ली है । घर नारायण का मंदिर बन गया है । सब आपके मार्गदर्शन का परिणाम है । मैं कमिटमेंट करती हूं कि सपरिवार, आजीवन विचार,

वाणी, व्यवहार सकारात्मक ही रखेंगे।

दीदी ने ढेर सारा आशीर्वाद दिया और कहा कि इन्होंने स्वयं अपना जीवन सुधारा है, अपने आप को सुधार कर। प्रकृति ने बता दिया कि ताना मारने में ज़्यादा शक्ति है या ईमानदारी, विनम्रता में।

(कन्फेशन ज़रूरी)

मैं अपने ससुर जी को बहुत अपशब्द बोलती थी। लॉकडाउन के दौरान मैं नारायण भवन से जुड़ी और यह अहसास हुआ कि इस प्रकार कर्म बंधते हैं और उसका आजीवन भुगतान करना पड़ता है। मैंने सब भूल कर सास ससुर की सेवा करनी शुरू कर दी और विचार, वाणी, व्यवहार में सुधार किया । परिणाम यह रहा कि ससुर जी ने अपने अंतिम समय में मुझे ढेरों आशीर्वाद दिए, जिसके फलस्वरूप मुझे उम्मीद से भी बड़ी दुकान और कार मिली। दीदी, यदि आप मुझे नहीं मिले होते तो ना जाने हम अपने कर्मों के क्या परिणाम भुगत रहे होते।



बनवारी लाल तापड़िया को जन्मदिन (२९ जनवरी) पर सुख, शांति, सेहत, समृद्धि से भरे सप्त सितारा जीवन का नारायण आशीर्वाद !

वादा निभाना होगा

कुंडनपुर में एक राजा शासन चलाता था । उसका सोच थी कि यदि कोई राजा अपनी प्रजा से मिलता है और उनकी समस्याओं का हल करता है तो वह अपनी प्रजा का प्रिय बन जाता है ।

इसके लिए वह हर सप्ताह अपने एक मंत्री के साथ मिलकर पूरे राज्य में घूमता था । घूमते समय वह लोगों की समस्याओं को सुनता था और उनका हल भी करता था । लेकिन कभी- कभी समस्या बड़ी होती थी और ऐसी होती कि उसका हल तुरंत निकाला नहीं जा सकता था । तब ऐसी स्थिति में राजा कह देता था 'ठीक है ! मैं इस समस्या के लिए कल एक सभा बुलाऊँगा।' इतना कह कर राजा आगे बढ़ जाता था ।राजा लोगों को सभा में बुलाने को तो कह देता लेकिन बाद में खुद ही व्यस्त हो जाता और समस्या के समाधान के लिए सभा नहीं बुलाता था ।

एक दिन राजा से मिलने उसका एक मित्र आया । राजा ने उसका स्वागत किया और कुछ दिनों तक अपने राज्य में अतिथि बन कर रुकने को कहा । उसके मित्र ने आमंत्रण स्वीकार किया और वह साथ ही रहने लगा । अब जब राजा अपनी प्रजा से मिलने गया तो हर बार की तरह कुछ समस्याओं का निवारण किया और कुछ के लिए सभा में बुलाने को कहा ।

यह बात मित्र को बहुत अच्छी लगी । वह सभा में राजा को समाधान करते देखने के लिए बहुत उत्सुक था क्योंकि उस दिन कुछ ऐसी समस्याएं लोगों द्वारा लायी गईं थीं जो बहुत मज़ेदार थीं और उत्सुकता बढ़ाने वाली थीं । जब अगला दिन आया तो मित्र ने राजा को सभा में चलने को कहा । राजा भी अपने मित्र के साथ सभा में गया । लेकिन यह क्या !! सभा में तो कोई भी नहीं था ।

राजा और उसका मित्र बहुत देर तक सभा में बैठे रहे लेकिन कोई नहीं आया । यह देख मित्र को आश्चर्य हुआ कि प्रजा तो हमेशा अपने राजा को देखने और मिलने के लिए उत्साहित रहती है लेकिन क्या बात है कि यहाँ कोई आया ही नहीं ।

प्रजा के न आने से राजा बहुत क्रोधित हो गया और उसने अपने सैनिकों को उन लोगों को पकड़ कर लाने के लिए कहा जिनकी समस्याएं सभा में हल होनी थीं । सैनिक तुरंत गये और उनको पकड़ कर ले आए । राजा बहुत क्रोधित होते हुए बोला ' जब तुम सभी को आज की सभा में बुलाया गया था तो तुम क्यों नहीं आये ? क्या तुम्हारे मन में मेरे लिए कोई इज्ज़त नहीं है ? तुम्हें इसकी सज़ा ज़रूर मिलेगी !'

सभी लोग चुप थे ! कोई उत्तर नहीं । अब राजा और अधिक क्रोधित हुआ । राजा को इतना क्रोधित होता देख उसका मित्र बोला ' इतना क्रोध मत करो । मैं पता लगाता हूँ कि मसला क्या है ।'

अब मित्र ने प्रजा की ओर देखा और कहा 'सभी लोग राजा से मिलने को उत्सुक रहते है और एक झलक पाने के लिए दीवाने होते हैं। तो ऐसा क्या कारण है कि राजा के बुलाने पर भी तुम लोग नहीं आये ?'कोई उत्तर नहीं मिला

।मित्र ने फिर पूछा, 'निडर होकर अपनी बात कहिए। सच बताओगे तो कोई दंड नहीं दिया जाएगा'।

अब उन में से एक बुज़ुर्ग आगे बढ़ा और बोला 'हम भी अपने राजा से मिलने के लिए उत्साहित रहते हैं और उनकी इज़्ज़त भी करते हैं । लेकिन हमारे राजा हमसे यह तो कह देते हैं कि वो सभा में समस्या हल करेंगे लेकिन कभी सभा में नहीं आते । शुरू में सभा में बहुत लोग आते थे किंतु राजा जी की अनुपस्थिति से हताश हो कर चले जाते । जब कई बार ऐसा हुआ तो प्रजा ने मान लिया कि हमारे राजा कहते तो हैं पर करते नहीं । इसलिए अब राजा के बुलाने पर भी कोई नहीं आया ।'

राजा को यह बात सुन कर अपनी ग़लतियों का एहसास हुआ । राजा समझ गया कि असली राजा वही है जो अपनी प्रजा से जो कहे वो करे, नहीं तो राजा अपनी प्रजा का विश्वास खो देता है । अब राजा ने निश्चय किया कि वह अपने किए गए वादे (commitment) पर अडिग रहेगा ।

कथनी और करनी

कई वर्षों पहले एक योद्धा (Spartan King) के सामने एक बहुत बड़ी मुसीबत आ गयी। उसे एक ऐसी सेना के साथ युद्ध करना था, जो बहुत ही शक्तिशाली थी। योद्धा के पास बहुत ही कम संसाधन और सैनिक थे जबकि विरोधी सेना के पास उनसे १० गुना ज्यादा सैनिक और हथियार थे । योद्धा ने युद्ध करने का फैसला किया और अपने सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार होने को कहा। योद्धा ने हथियारों के साथ सैनिकों को जहाज में भरा और समुन्द्र के रास्ते दुश्मन देश की तरफ आगे बढ़ने लगे।

गतंव्य स्थल पर पहुँचने के बाद जहाज में से सारे हथियार और सैनिकों को उतारने के बाद जहाज को जलाने का आदेश दे दिया।

योद्धा ने अपने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा – 'आप देख रहे हैं कि सारे जहाज जला दिए गए हैं । अब हम तब तक वापस ज़िन्दा नहीं लौट सकते, जब तक कि हम जीत न जाएं। हमारे पास 'जीत' के अलावा कोई विकल्प नहीं। या तो हम जीतेंगे या फिर मरेंगे' । योद्धा की सेना ने बड़ी वीरता के साथ युद्ध किया और वे अपने से १० गुना ताकतवर दुश्मन से जीत गए। योद्धा की जीत का केवल एक ही कारण था – 'दृढ़ निश्चय'। उन्होंने पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं छोड़ा और इसलिए वे जीत गए।

मुसीबतें आने पर आपको रास्ते बदलने की ज़रूरत होती है, लक्ष्य को बदलने की नहीं । हमें अपने वादे से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए । हमारी कथनी करनी समान होनी चाहिए ।

॥ 卐 ॥

रोज़र बेनिस्टर

बहुत पुरानी बात है । रोज़र बेनिस्टर ब्रिटेन के एक जाने माने डॉक्टर थे मगर उन्हें दौड़ने का बहुत शौक था । जब भी उन्हें काम से वक़्त मिलता तो वे उसका अभ्यास करते ।

उन दिनों में जितने भी तेज धावक थे उन में से कोई भी एक मील की दौड़ चार मिनट से कम समय में पूरी नहीं कर पाया था ।

यह सुन कर रोज़र ने कहा ' यह असंभव नहीं है , निरंतर अभ्यास से ऐसा हो पाना संभव है !'

एक विशेषज्ञ ने कहा ' ऐसा हो पाना संभव नहीं है । इंसानी फेफड़ों में इतनी ताक़त नहीं है कि एक मील की दौड़ ४ मिनट से कम में तय की जा सके ।'

रोज़र बड़े ही दृढ़ निश्चयी थे । साहसी भी थे ।

उन्होंने विशेषज्ञ से कहा 'मैं यह कर दिखाऊँगा । बस मुझे थोड़ा वक़्त दें । देखते हैं किसकी बात सही होती है ।'

रोज़र ने अभ्यास शुरू कर दिया । उन्हें पूरा विश्वास था कि यह संभव होगा ।

फिर वह दिन आया जब उन्हें दौड़ना था । एक मील की दौड़ उन्होंने ३ मिनट ५९.४ सेकंड में पूरी की । पूरा विश्व आश्चर्यचकित था ।

डॉक्टर , प्रशिक्षक और उन सभी लोगों को उन्होंने ग़लत साबित कर दिखाया जिनके हिसाब से यह असंभव था।

सबसे ज़्यादा कमाल की बात तो यह थी कि उनके ऐसा करते ही किसी और ने उनका भी रिकॉर्ड तोड़ दिया ।

एक साल के बाद ही ३७ अन्य धावकों ने वह रेकॉर्ड भी तोड़ दिया ।

इसके बाद रोज़र को 'सर' की उपाधि से नवाज़ा गया ।



Pavaan Vani

Dear Narayan Premiyo,

|| Narayan Narayan ||

Nowadays, in this period of confession and commitment happening in virtual Narayan Bhavan, what is important, is commitment. Commitment means promise, a promise that what you are saying will be true for the rest of your life. Commitment has not only improved the lives of those who took the commitment, but also improved the lives of those who listened to these confessions and commitments and learnt from them.

When you make a commitment by accepting your mistake among the thousands of people present, then that **commitment is a promise to yourself, giving yourself an opportunity and to improve yourself. Promise to rise in your own eyes, promise to that Supreme Father, Narayan, that the purpose for which he has sent you in this world, you will fulfill that purpose honestly and will become entitled to lead a seven-star life.**

An effective technique to stay true to your commitments is to **write your commitment and hang it at such a place in the house where you can read it** while entering and going out of the house. In this way, you will read your commitment again and again and it will be very easy to follow it in life.

Rest all good,

CO-EDITOR
Deepti Shukla 09869076902

EDITORIAL TEAM
Vidya Shastry 09821327562
Mona Rauka 09821502064

Main Office
Rajasthani Mandal Office, Basement Rajnigandha Building, Krishna Vatika Marg, Gokuldham, Goregaon (East), Mumbai - 400 063.

Editorial Office
Shreyas Bunglow No 70/74 Near Mangal Murti Hospital, Gorai link Road, Borivali (W) Mumbai -92.

Regional Office

Amravati - Tarulata Agarwal	:	9422855590
Ahmedaba - C. A. Jaiwini Shah	:	9712945552
Akola - Shobha Agarwal	:	9423102461
Agra - Anjana Mittal	:	9368028590
Baroda - Deepa Agarwal	:	9327784837
Bangalore - Shubhani Agarwal	:	9341402211
Bangalore - Kanishka Poddar	:	70455 89451
Bhilwada - Rekha Choudhary	:	8947036241
Basti - Poonam Gadia	:	9839582411
Bhandra - Geeta Sarda	:	9371323367
Banaras - Anita Bhalotia	:	9918388543
Delhi - Megha Gupta	:	9968696600
Delhi - Nisha Goyal	:	8851220632
Delhi - Minu Kaushal	:	9717650598
Dhulia - Kalpana Chourdia	:	9421822478
Dibrugadh - Nirmala Kedia	:	8454875517
Dhanbad - Vinita Dudhani	:	9431160611
Devria - Jyoti Chabria	:	7607004420
Gudgaon - Sheetal Sharma	:	9910997047
Gondia - Pooja Agarwal	:	9326811588
Gorakhpur - Savita Nalia	:	9807099210
Goa - Renu Chopra	:	9967790505
Gouhati - Sarla Lahoti	:	9435042637
Ghaziabad - Karuna Agarwal	:	9899026607
Hyderabad - Snehlata Kedia	:	9247819681
Indore - Dhanshree Shilakar	:	9324799502
Ichalkaranji - Jayprakash Goenka	:	9422043578
Jaipur - Sunita Sharma	:	9828405616
Jaipur - Priti Sharma	:	7792038373
Jalgaon - Kala Agarwal	:	9325038277
Kolkatta - Sweta Kedia	:	9831543533
Kolkatta - Sangita Chandak	:	9330701290
Khamgaon - Pradeep Garodia	:	8149738686
Kolhapur - Jayprakash Goenka	:	9422043578
Latur - Jyoti Butada	:	9657656991
Malegaon - Rekha Garaodia	:	9595659042
Malegaon - Aarti Choudhari	:	9673519641
Morbi - Kalpana Joshi	:	8469927279
Nagpur - Sudha Agarwal	:	9373101818
Navalgadh - Mamta Singodhia	:	9460844144
Nanded - Chanda Kabra	:	9422415436
Nashik - Sunita Agarwal	:	9892344435
Pune - Abha Choudhary	:	9373161261
Patna - Arvindkumar	:	9422126725
Pichhora - Smita Bhartia	:	9420068183
Raipur - Aditi Agarwal	:	7898588999
Ranchi - Anand Choudhary	:	9431115477
Ramgadh - Purvi Agrwal	:	9661515156
Surat - Ranjana Agrwal	:	9328199171
Sikar - Sarika Goyal	:	9462113527
Sikar - Sushma Agrwal	:	9320066700
Siligudi - Aakaksha Mundhda	:	9564025556
Sholapur - Suvarna Valdawa	:	9561414443
